**Code No. 03**

Total No. of Questions : 51 ]

Total No. of Printed Pages : 7 ]

**June/July, 2011**

# HINDI

Time : 3 Hours 15 Minutes ] [ Max. Marks : 100

**सूचना :** i) **सभी** प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना अनिवार्य है ।

ii) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना आवश्यक है ।

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

1) कहार ने ककड़ियों को कितने रुपए में खरीदा ?

2) ययाती किसकी जवानी लेकर युवा हो गया था ?

3) गुरुदेव को मैना की चाल में क्या दिखाई देता था ?

4) लड़के ने लड़की से क्या पूछा ?

5) हल्कू की पत्नी का नाम क्या है ?

6) आत्मा-2 किसके शरीर के साथ सती हो गई थी ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 3 × 3 = 9

7) लेखक को पहले सफेद बाल दीखते ही किस तरह का डर लगता है ?

8) एड्स रोगी बहुत समय तक स्वस्थ क्यों और कैसे दीखता है ?

9) लहना सिंह ने सुबेदारनी को दिए गए वचन को किस तरह निभाया ?

10) बसवेश्वर ने कल्याण-क्रांति का सूत्रपात किस प्रकार किया ?

11) यात्रा के कौन-कौन से तरीके हैं ? विवरण दीजिए ।

[ Turn over

II. अ) निम्नलिखित वाक्यों को किसने, किससे कहा ? 4 × 1 = 4

12) 'आदमी जो है, इतनी अकल कहाँ ?'

13) आपके सेवक ने यह प्रेम की सौगात भेजी है ।

14) ऐसे ही इन दोनों को बचाना, यह मेरी भिक्षा है ।

15) माता-पिता का आज्ञा का पालन करना पुत्र का कर्तव्य है ।

आ) निम्नलिखित वाक्यों में से किन्हीं **दो** का संदर्भ के साथ स्पष्टीकरण कीजिए : 2 × 3 = 6

16) छूआछूत को तो इन्होंने डंडे मारकर दिल्ली से नज़ाकत के साथ दूर ही कर दिया है ।

17) इतनी-सी स्वीकृति पाकर ही उनके अंग-अंग में आनंद का प्रवाह बह उठता है ।

18) 'मैं मरते-मरते बचा, तुझे अपनी खेत की पड़ी है । पेट में ऐसा दरद हुआ कि मैं ही जानता हूँ ।'

19) तुम्हें अपने कर्मों का फल स्वयं भुगतना होगा ।

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर प्रत्येक **एक** शब्द या वाक्यांश या **एक** वाक्य में लिखिए : 6 × 1 = 6

20) यशोदा का सुख किन्हें दुर्लभ है ?

21) भरत किससे मिलने चित्रकूट की ओर निकले ?

22) सिद्धार्थ के वनगमन से दुखी कौन है ?

23) किसकी माया नैनों में जाग गई है ?

24) कवयित्री किसे धिक्कारती है ?

25) कवि का गीत क्या भुलाएगा ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 3 = 6

26) गोपियों के विरह का वर्णन कीजिए ।

27) तुलसीदास ने भरत की स्तुति किस प्रकार की है ?

28) राधा कृष्ण को किस प्रकार अपनी स्मृति दिलाने के लिए पवन से कहती है ?

29) कवि किस-किस तरह के गीत बेचता है और क्यों ?

इ) निम्नलिखित के ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए : 2 × 4 = 8

30) सोधन मेरे हरि का नांउ ।

गांठि न बांध्यौ बेचि न खाँउ ॥

नांउ मेरे खेती नांउ मेरे बारी, भगति करौं मैं सरन तुम्हारी ॥

नांउ मेरे सेवा नांउ मेरे पूजा, तुम बिन औरन जानौं दूजा ॥

नांउ मेरे बांधव नांउ मेरे भाई अंत की बिरियाँ नांव सहाई ॥

नांउ मेरे निरधन रंखु निधि पाई, कहै

कबीर जैसे रंक मिठाई ॥

**अथवा**

पग बांध घुंघरियाँ णाच्यारी ॥

लोग कह्या मीरा बावरी, सांसु कह्या कुलनासी रीं

विषरो प्याले राणा भेज्याँ, पीवाँ मीरा हाँसीं रीं ।

तण मण वार्‌या हरिचरण माँ, दरसण अमरित प्यास्याँ रीं ।

मीरा के प्रभु गिरधर नागर, थारी शरणाँ आस्याँ री ॥

31) सीमा ही लघुता का बंधन

है अनादि तू मत घड़ियाँ गिन

मैं दृग के अक्षय कोषों से

तुझमें भरती हूँ आँसू जल !

सजल सजल मेरे दीपक जल ।

**अथवा**

[ Turn over

मुसलमान औ' हिंन्दू हैं दो,
एक, मगर, उनका, प्याला,
एक, मगर, उनका मदिरालय,
एक, मगर, उनकी हाला;
दोनों रहते एक न जब तक
मस्जिद-मंदिर में जाते;
वैर बढ़ाते मस्जिद-मंदिर
मेल कराती मधुशाला !

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के **एक** शब्द, वाक्यांश या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : 5 × 1 = 5

32) गोपीचंद के पिता किस रोग से पीड़ित थे ?

33) मटरु को कितने साल की सजा हो गई थी ?

34) किसानों ने लगान देकर किससे जमीन माँगे ?

35) मटरु ने गोपी को किससे शादी करने के लिए कहा ?

36) पुजारी किसके साथ पकड़ा गया था ?

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर लिखिए : 2 × 5 = 10

37) माणिकचंद की हत्या क्यों और कैसे हुई ?

38) पुलिस ने मटरु को किस प्रकार सजा दिलाई ?

39) मटरु ने विधवा-विवाह किस ढंग से कराया ?

40) गोपीचंद का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

V. अ) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए : 4 × 1 = 4

41) i) कुछ और पहले के घटना याद आ रहे हैं ।

ii) वजीरासिंह ने त्योरी चढ़ाकर बोला ।

iii) सोनारी के सब रास्ते बंद था ।

iv) कोई को विधवा बनाना युगधर्म नहीं है ।

आ) कोष्ठक में दिए गए उचित शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 4 × 1 = 4

( उद्‌भवन काल, बुखार, औसतन, तंत्र )

42) i) कई बार तो .................... दस वर्ष और यहाँ तक कि बारह वर्ष लंबा हो सकता है ।

ii) लक्षण रहित संक्रमणावस्था का .................... समय आठ वर्ष है ।

iii) रोगप्रतिरोधक .................... पूरी तरह नष्ट हो जाता है ।

iv) साधारण जाँचों से .................... का कारण समझ में नहीं आता ।

इ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिए : 4 × 1 = 4

43) i) हल्कू ने आग जमीन पर रख दी । ( वाच्य बदलिए )

ii) मैं चल नहीं सकता । ( वाच्य बदलिए )

iii) रात में पसीना छूटता है । ( भूतकाल में लिखिए )

iv) माघ-पूस की रात कैसे कटेगी । ( वर्तमानकाल में लिखिए )

ई) निम्नलिखित मुहावरों को उनके अर्थ के अनुसार जोड़कर लिखिए : 4 × 1 = 4

44) i) टोपी उछालना a) कठोर होना

ii) दिल न पिघलना b) अपमान करना

iii) हाथ में झंडा लेना c) क्रोध या लड़ाई बढ़ाना

iv) जलती आग में घी डालना d) संकल्प करना ।

उ) निम्न के अन्य लिंग रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

45) पड़ोसी, औरत ।

ऊ) निम्न के अन्य वचन रूप लिखिए : 2 × 1 = 2

46) लड़का, दूकान ।

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद का सारांश लिखकर उचित शीर्षक दीजिए : 1 × 5 = 5

47) मानव जीवन में शिक्षा का महत्वपूर्ण स्थान है । शिक्षा-विहीन व्यक्ति जीवन के परम लक्ष्य को प्राप्त करने में सदैव असफल रहता है । जीवन के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा ही एक मात्र ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा मनुष्य जन्मजात शक्तियों को विकसित करके अपने व्यवहार तथा विचारों में निरंतर परिवर्तन एवं परिवर्द्धन कर सकता है । शिक्षा के द्वारा वह अपनी सभ्यता एवं संस्कार को समझकर उसे सुरक्षित रखने एवं विकसित करने में समर्थ हो सकता है । जीवन के सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, धार्मिक आदि सभी क्षेत्रों में शिक्षा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है । जीवन में सफलता की कूँजी शिक्षा ही है ।

**अथवा**

अपने कालेज-फीस माफ करने के लिए प्राचार्य को प्रार्थना-पत्र लिखिए ।

आ) निम्न के हिंदी में अनुवाद कीजिए : 5 × 1 = 5

48) a) The political stability is a need of every state.

ರಾಜಕೀಯ ಭದ್ರತೆಯು ಪ್ರತಿ ರಾಜ್ಯದ ಅವಶ್ಯಕತೆಯಾಗಿದೆ.

b) Politicians have to surrender their selfishness and ego.

ರಾಜಕಾರಣಿಗಳು ತಮ್ಮ ಅಹಂ ಹಾಗೂ ಸ್ವಾರ್ಥವನ್ನು ಬಿಡಬೇಕು.

c) We have to save the Nature; in turn it will save us.

ನಾವು ಪ್ರಕೃತಿಯನ್ನು ಕಾಪಾಡಬೇಕು. ಅದು ನಮ್ಮನ್ನು ರಕ್ಷಿಸುತ್ತದೆ.

d) We are living in an age of science.

ನಾವು ವಿಜ್ಞಾನ ಯುಗದಲ್ಲಿ ವಾಸಿಸುತ್ತಿದ್ದೇವೆ.

e) The science is a boon and a bane too.

ವಿಜ್ಞಾನ ವರದಾನವಾಗಿದೆ, ಅದು ಅಭಿಶಾಪವೂ ಹೌದು.

VII. अ) निम्नलिखित वाक्य का पद-परिचय दीजिए : 1 × 3 = 3

49) राम ने रोटी खाई ।

आ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर शब्दों का निर्माण कीजिए : 4 × 1 = 4

50) जय, ईमान, कीर्ति, दोष ।

इ) निम्नलिखित शब्दों में से उपसर्ग को अलग कर लिखिए : 3 × 1 = 3

51) अपहरण, अनुशासन, नापसंद ।